तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार, 6 अक्टूबर 2025


शरद पूर्णिमा में होगी अमृत वर्षा व धरती पर कृष्ण ... 12


धर्मांतरण के विरोध में 35 गांवों की सर्व समाज ... 12



## खबर संक्षेप

### मां लक्ष्मी की बंगाली समाज ने पूजा की



**पखांजुर।** बंगाली समाज में इस बार भी मां लक्ष्मी की पूजा को लेकर जबरदस्त उत्साह का माहौल है। इस बार सोमवार को पूर्णिमा की पवित्र में भक्तगण श्रद्धा और भक्ति के साथ मां लक्ष्मी की आराधना करेंगे। पूजा के अवसर पर प्रसाद में विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यंजनों को बनाने की परंपरा है। इन पकवानों में से नारियल और तिल के लड्डू (नारू) का भोग मुख्य रूप से लगाया जाएगा। सोमवार की रात, हर घर और पंडाल में दीयों की रोशनी और पूजा के मां लक्ष्मी पाचाली, मंत्रों से एक दिव्य और मंगलमय वातावरण छा जाएगा।

### राज्य स्तरीय खेल कूद में मारी बाजी



**चारामा।** संविधान पुरुष ठा. रामप्रसाद पोटाई की स्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा तीन दिवसीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में गोटुल स्पोर्ट्स अकेडमी के दो खिलाड़ियों लिकेश्वरी तारम ने 3000 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान और चंपेश कुमार मरकाम ने 1600 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान हासिल कर अपनी लगन और क्षमता का परिचय दिया।

### घायल की मौत विवेचना जारी

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत 39 निवासी राकेश पोटाई सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। इलाज के लिए रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। चोट गंभीर होने के कारण घायल युवक का 19 सितंबर को मौत हो गया। थाना रायपुर से शुन्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी बांदे थाना लाने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अधेड़ की इलाज के दौरान हुई मौत,

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत 45 वर्षीय रामसाय कावड़े का इलाज के दौरान धमतरी जिला के सीएचसी कुरूद में 7 सितंबर को मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। इलाज के दौरान अज्ञात कारणो से उसकी मौत हो गई। तोड़ोकी पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## स्थापना दिवस : बस्ती स्तर पर भव्य पथ संचलन के आयोजन में कई वार्डों के स्वयंसेवक हुए शामिल

# आरएसएस के पथ संचलन में अनुशासन व राष्ट्रभक्ति की जीवंत झांकी ने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर बस्ती स्तर पर हो रहे पथ संचलन
- अलबेलापारा, उदयनगर, सिविल लाइन, जवाहर वार्ड के स्वयंसेवकों ने अनुशासन का दिया परिचय

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को कांकेर जिले के अलबेलापारा से उदयनगर, सिविल लाईन से जवाहर वार्ड तक बस्ती स्तर पर भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों का अनुशासन, देशभक्ति और संगठन के प्रति समर्पण का दृश्य देखने योग्य था। यह पथ संचलन केवल एक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और संगठन की जीवंत झांकी थी। उदयनगर में प्रान्त संघचालक छग प्रांत डॉ. टोपलाल वर्मा और जवाहर वार्ड में प्रांत संगठन मंत्री क्रीड़ा भारती कौशलेंद्र पटेल ने बौद्धिक सत्र में अपने सारगर्भित विचार रखते हुए संगठन की 100 वर्षों की यात्रा, उसके उद्देश्य और समाज में किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रातःकाल सूर्य की पहली किरणों के साथ ही अलबेलापारा का वातावरण राष्ट्रभावना से ओत-प्रोत हो उठा। सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक खाकी पैंट, सफेद शर्ट, काली टोपी, कमरबंद और लाठी के साथ निर्धारित स्थान डडसेना कलाम समाज भवन पर एकत्र हुए। संचलन प्रारंभ से पूर्व राष्ट्रगीत गाया गया, तत्पश्चात संघ







### संगठन के प्रति निष्ठा का अद्भुत उदाहरण

स्वयंसेवकों की कतारें अनुशासन का अद्वितीय उदाहरण पेश कर रही थीं। कतारों में चलते स्वयंसेवक न पूरी गति से आगे निकल रहे थे, न पीछे हट रहे थे, सबके कदम एकसमान। सबसे आगे घोष दल के सदस्य, उसके बाद बाल स्वयंसेवक, तरुण शाखा और वयोवृद्ध स्वयंसेवक, सभी के चेहरों पर गर्व और आत्मविश्वास झलक रहा था।

### संध्या बेला में राष्ट्रभक्ति का दृश्य

शाम के लगभग पाँच बजे से ही सिविल लाइन क्षेत्र में स्वयंसेवकों का जुटना प्रारंभ हो गया था। सफेद शर्ट, भूरे पैंट, काली टोपी, कमरबंद और लाठी धारण किए स्वयंसेवक अनुशासनबद्ध पंक्तियों में खड़े थे। घोष दल की ताल और झंडावंदन के साथ जैसे ही संचलन का आरंभ हुआ, पूरा क्षेत्र भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। मुहल्लेवासियों ने पुष्पवर्षा करते हुए स्वयंसेवकों का स्वागत किया।

### संघ समाज के लिए, सत्ता के लिए नहीं

प्रान्त संघचालक छग प्रांत डॉ. टोपलाल वर्मा ने बौद्धिक सत्र में कहा कि आज जो अनुशासन और एकता दिखाई दे रही है, वही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। सौ वर्ष की यात्रा में आरएसएस ने देश की आत्मा को जागृत करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कोई राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि यह राष्ट्र को एकसूत्र में पिरोने का सामाजिक प्रयास है। पिछले 100 वर्षों में संघ ने समाज के हर वर्ग को जोड़ने का कार्य किया है, चाहे वह ग्रामीण हो, शहरी, किसान हो या विद्यार्थी। आज जब देश 21 वीं सदी की चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब संघ की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने आगे कहा कि संघ की विचारधारा वसुधैव कुटुंबकम पर आधारित है अर्थात पूरा विश्व एक परिवार है। इस अवसर पर उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे सेवा, शिक्षा और संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाएँ। हमें अपने समाज में नैतिकता, कर्तव्य और राष्ट्रहित की भावना को और गहराई तक ले जाना है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आग्रह किया कि वे तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए भी भारतीय संस्कारों और संस्कृति से जुड़े रहें।

### शताब्दी यात्रा हर स्वयंसेवक के लिए साधना

जवाहर वार्ड में बौद्धिक सत्र में प्रांत संगठन मंत्री क्रीड़ा भारती कौशलेंद्र पटेल ने संघ के शताब्दी वर्ष के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा यह केवल एक संगठन की नहीं, बल्कि राष्ट्र के पुनर्जागरण की कहानी है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज तक संघ ने हर चुनौती में समाज को दिशा दी है। आपातकाल हो या प्राकृतिक आपदा, संघ के स्वयंसेवक सदैव अग्रणी रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज के शताब्दी वर्ष का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि समाज में नई ऊर्जा का संचार करना है ताकि आने वाले सौ वर्षों तक राष्ट्र सेवा की यह धारा अविरल बहे। संघ की यह शताब्दी यात्रा हर स्वयंसेवक के लिए साधना है। हमें यह समझना होगा कि राष्ट्र के उत्थान का मार्ग व्यक्ति निर्माण से होकर जाता है। जब हर व्यक्ति अपने कर्म को राष्ट्रहित में लगाएगा, तभी भारत विश्वगुरु बनेगा।


## दो सड़क हादसों में तीन घायल एक में बाइक भिड़ीं एवं दूसरे में पिकअप ने बाइक को ठोंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- तीनों घायलों का इलाज अस्पताल में जारी

सेन चौक से नरहरपुर मार्ग में शनिवार को दो सड़क दुर्घटनाएं हुई जिसमें तीन लोग घायल हो गए, जिनको ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक घटना में मोटर सायकल आपस में टकराई, जिसमें काउंटर केस दर्ज हुआ, वहीं दूसरे मामले में अज्ञात पिकअप ने एक मोटर सायकल को ठोकर मारा, जिसमें बाईक चालक को गंभीर चोट आई है।

जानकारी के अनुसार कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँचे गोतपुर निवासी हेमूराम नेताम पिता बृजलाल नेताम ने पुलिस को बताया कि 4 अक्टूबर को सायं पौने 5 बजे मुझे जानकारी मिली कि मेरे छोटे भाई का लड़का हिरामन नेताम पिता गोपाल नेताम निवासी गोतपुर और भांचा सोनू कुंजाम पिता दुर्जन कुंजाम निवासी शामतरा मोटर सायकल से ग्राम शामतरा से



साल्हेटोला होते हुए गोतपुर आ रहे थे कि सायं लगभग 4 बजे सरंगपाल पुल के पास एक्सीडेंट हो गया है, जिनको उपचार के लिए जिला अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया गया है। खबर मिलते ही मैं जिला अस्पताल पहुँचा जहाँ हिरामन व सोनू से पूछताछ किया, उन्होने बताया कि कांकेर सरंगपाल की ओर से एक तेज रफ्तार पिकप वाहन के चालक ने तेजी एवं लापरवाही से वाहन को चलाते हुये लाकर साल्हेटोला मेन रोड में आम झाड़ के पास ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे हिरामन के दाहिने पैर, दाहिने हांथ व सिर में तथा सोनू कुंजाम के सिर व दाहिने घुटना में चोट आया है। पुलिस ने अज्ञात पिकप चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज ▶▶| शेष पेज 10 पर



## तेलगुड़ा सड़क हुई बदतर मवेशियों के लिए भी संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

विकासखण्ड चारामा के ग्राम पंचायत भिलाई के आश्रित ग्राम तेलगुड़ा की सड़क इन दिनों बेहद बदहाल स्थिति में है । हाल ही में इस सड़क के दोनों ओर जिला खनिज न्यास निधि के मद से 19 लाख 96 हजार की लागत से रिटर्निंग वॉल का निर्माण ग्राम पंचायत भिलाई को एजेंसी बनाकर कराया गया है, परंतु उसका भी कोई लाभ नहीं मिल पाया। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क गांव से नदी की ओर जाती है, जिसमें मिट्टी से फीलिंग की गई है। बारिश के कारण इस मिट्टी से पटे सड़क पर कीचड़ ही कीचड़ दिखाई दे रहा है। इसी सड़क से होकर ग्रामींण नदी जाते हैं एवं गांव के चरवाहे मवेशियों को चराने लेकर जाते है। कीचड़ से सने इस सड़क पर से लोगों के साथ-साथ मवेशियों का भी आना जाना दूभर हो गया है, जिसे लेकर ग्रामीण परेशान हैं और इसे दुरुस्त करने की बात कह रहे हैं ताकि उनको इस सड़क पर से आवाजाही करने की सुविधा मिल सके।

### इलाज के दौरान हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत 42 वर्षीय नंदकुमार साहू का अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक का स्वास्थ्य खराब होने के कारण से रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान उसका 30 जून को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## मरोड़ा का रपटा टूटा, शक्कर लदा ट्रक पलटा एवं चालक ने कूद कर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



पखांजूर में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जहाँ शक्कर से भरी एक ट्रक अनियंत्रित होकर रपटा से नीचे गिर गई। ट्रक चालक ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचा लिया। चालक ने कहा कि अचानक रपटा टूटने से हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार यह ट्रक महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही थी। हादसा बांदे थाना क्षेत्र के मरोड़ा के पास हुआ, जब ट्रक जर्जर और संकीर्ण रपटा पार कर रही थी। बताया जा रहा है कि रपटे की खराब स्थिति और टूटने के कारण ट्रक नीचे जा गिरी। हादसे के बाद ट्रक पूरी तरह से पलट गई और उसमें लदी शक्कर सड़क के किनारे बिखर ▶▶| शेष पेज 10 पर


## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स

NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549

### एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (NURSING SUPERVISOR) डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं,12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है। (4) विद्याकौशल के माध्यम से शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि - 30.10.2025**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 10.11.2025**

**प्रति,**
**कार्यसंचालक (NSDC)**
**मॉडर्न नालेज एजुकेशन**
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**
**कार्य संचालक पैरामेडिकलकोर्स**

**महोदय,**

................................................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ........................
2. पिता/पति का नाम ........................
3. जन्मतिथि अंकों में ........................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ........................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ........................
   मोबाइल नंबर ........................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ........................
7. शैक्षणिक योग्यता ........................

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

**नोट : - (1)** आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।


## भारतमाला परियोजना के तहत चल रहा कार्य, एक तरफ की बन चुकी है सुरंग

# बासनवाही पहाड़ को काटकर बनाई जा रही एशिया की दूसरी सबसे लम्बी सड़क सुरंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के तहत प्रदेश के कांकेर जिले के बासनवाही पहाड़ के नीचे 2.9 किलोमीटर की लंबी ट्विन ट्यूब सुरंग का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। यह सुरंग एशिया की दूसरी सबसे बड़ी सड़क सुरंगों में शामिल होने जा रही है, जो तकनीकी दृष्टि से एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है।

यह परियोजना बस्तर अंचल को राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क से मजबूती से जोड़ने के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास को गति देने वाली साबित होगी। भारतमाला परियोजना अंतर्गत सड़क निर्माण का उद्देश्य है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 30 को अधिक सीधा, सुरक्षित और तेज बनाने के लिए दो लेन वाली दो समानांतर सुरंगों में से एक पूर्ण हो चुकी है वहीं दूसरी पर कार्य जारी है। सुरंग निर्माण में तकनीकि सुविधाएँ को वशेष ध्यान में रखते हुए वेंटिलेशन सिस्टम आपातकालीन निकासी मार्ग अग्निशमन यंत्र सीसीटीवी निगरानी दोनों छोर पर भव्य सुरंग पोर्टल है। इस परियोजना को लेकर स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों में खासा उत्साह है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि इससे कांकेर और पूरे बस्तर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी। इसके साथ ही युवाओं के लिए ▶▶| शेष पेज 10 पर

### भूगर्भीय और तकनीकी चुनौतियां

बासनवाही पहाड़ की भूगर्भीय जटिलता के बावजूद सुरंग निर्माण कार्य में ब्लास्टिंग तकनीक, ड्रिलिंग, और अत्याधुनिक टनल बोरिंग मशीनों का प्रयोग कर इसे एक इंजीनियरिंग की मिसाल बनाया जा रहा है। विशेषज्ञों और इंजीनियरों की टीम चौबीसों घंटे समर्पित होकर कार्य कर रही है।



### बस्तर में विकास की नई राह

यह सुरंग केवल एक संरचनात्मक परियोजना नहीं, बल्कि बस्तर के सामाजिक-आर्थिक बदलाव की दिशा में एक मील का पत्थर है। इसके माध्यम से रायपुर से विशाखापट्टनम तक की दूरी में उल्लेखनीय कमी आएगी, जिससे मालवहन, व्यापार, पर्यटन और रोजगार के अवसरों में बड़ा इजाफा होगा। सुरंग के माध्यम से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा, जिससे सुरक्षा और विकास दोनों को बल मिलेगा।

## खबर संक्षेप



### लान टेनिस गर्ल्स अंडर 12 में आद्रिका बनी विजेता

**जगदलपुर।** जेटीए मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन जगदलपुर टेनिस एसोसिएशन के द्वारा 2 से 5 अक्टूबर तक स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम के लॉन टेनिस कोर्ट में किया जा रहा है। आज खेले गए मुकाबले में गर्ल्स अंडर 12 वर्ग फाइनल मुकाबले में आद्रिका शर्मा ने आनंदिता शुक्ला को 7-2 से हराया। मेंस सिंगल वर्ग में हरदीप गैदू एवं मनीष बड़वानी के बीच क्वार्टर फाइनल का मुकाबला खेला गया,जिसमें मनीष बड़वानी ने हरदीप गैदू को 7-2 से हराया। वहीं इसी वर्ग से दूसरे क्वार्टर फाइनल में कुणाल चालीसगांवकर ने प्रतिद्वंद्वी केएल आजाद को 7-2 से हराया। सेमीफाइनल मुकाबले में मयंक पठारिया ने जोगेंद्र पाल सिंह को 7-3 मात दिया। वहीं चालीसगांवकर ने मनीष बड़वानी को 8-3 से हराया। मेंस डबल्स मुकाबले में जोगेंद्र पाल एवं थॉमस फिलिप की जोड़ी ने मुकेश बड़वानी एवं राहुल सिंह की जोड़ी को 8-1 से हराया।

### सांसद ने किया बस्तर लोकोत्सव का शुभारंभ

**जगदलपुर।** विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के उपलक्ष्य में लालबाग मैदान में स्वदेशी मेला एवं बस्तर लोकोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बस्तर सांसद महेश कश्यप एवं कांकेर सांसद भोजराज नाग ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इसके पश्चात कलाकारों सांस्कृतिक प्रस्तुति प्रस्तुति दी। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं तथा स्थानीय कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं अयोध्या से पधारी रामलीला मंडली ने भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का प्रभावशाली :शेष पेज 10 पर मंचन कर दर्शकों को भक्ति और अध्यात्म के भाव से अभिभूत कर दिया। बस्तर लोकोत्सव के अंतर्गत 4 से 7 अक्टूबर तक प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

---

जमीनी कार्यकर्ताओं को नेतृत्व देने हो रही कवायद

# मंत्री, सांसद, विधायक भी लड़ सकते हैं जिलाध्यक्ष का चुनाव : उल्का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांग्रेस जिलाध्यक्ष चुनाव में ग्रास रूट में संगठन को मजबूत करने वाले योग्य कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। चाहे वह पूर्व मंत्री,पूर्व सांसद,पूर्व विधायक हो अथवा छोटा कार्यकर्ता ही क्यों न हो। पूर्व में हुए चुनाव में मेंबरशिप को फोकस करते इसी नीति को अपनाई गई थी। चुनाव में कोई भी भाग ले सकता है। वह कांग्रेस विचार धारा का होना आवश्यक हो। यह बात

एआईआइसीसी पर्यवेक्षक व संगठन सृजन प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का ने पत्रवार्ता में कहीं। रविवार को शहर के एक होटल में उन्होंने कहा कि विभिन्न जिलों में जाकर जिला अध्यक्षों के चयन के



लिए जमीनी फीडबैक जुटा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए सृजन अभियान की शुरूआत गुजरात से हुई थी। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने वर्ष 2025 को संगठन का वर्ष घोषित किया है। यह निर्णय दिसंबर 2024 में कर्नाटक में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन में लिया गया था। जिसके तहत संगठन निर्माण का कार्य शुरू किया गया है।

### हर जिला में वरिष्ठ नेताओं को भेज फीडबैक लिया जाएगा

उल्का ने बताया इस अभियान के अंत में पूरी रिपोर्ट कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को सौंपी जाएगी। देश में अब युवा नेतृत्व की जरूरत है और इसी को ध्यान में रखते हुए नई लीडरशिप तैयार की जा रही है। वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक बनाकर हर जिले और ब्लॉक से फीडबैक लिया जा रहा है। जिससे जिला अध्यक्षों की नियुक्ति में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा हमारा प्रयास है कि जमीन से जुड़े कार्यकतार्ओं को संगठन से किस तरह जोड़ा जाए इस पर ग्रास रूट लेवल पर प्रयास किया जाएगा।

### संवाद पर निकलेगा निष्कर्ष

संवाद के आधार पर जो निष्कर्ष निकलेंगे,उन्हें नेतृत्व से साझा कर संगठन को नए रूप में सक्रिय किया जाएगा। ताकि आने वाली चुनौतियों और संभावनाओं का बेहतर तरीके से सामना किया जा सके। इस दौरान सहप्रभारी प्रेमसाय सिंह टेकाम,नोबेल वर्मा,प्रेमचंद जायसी, जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य, प्रेमशंकर शुक्ला,वरिष्ठ नेता उमाशंकर शुक्ला,पूर्व विधायक रेखचंद जैन,जतिन जायसवाल मौजूद रहे।

---

# माहरा को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुरिया दरबार में माहरा समुदाय के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर का सौंपा।

ज्ञापन में यह मांग की गई कि

- केंद्रीय गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

माहरा समुदाय को संविधान अनुसूचित जनजाति आदेश 1950 में संशोधन कर अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल किया जाए।

अध्यक्ष महेश स्वर्ण ने बताया कि माहरा जनजाति देश की प्राचीन जातियों में से एक है जिसका उल्लेख अंग्रेज शासनकाल की जनगणना रिपोर्टों, जिला गजेटियरों और ऐतिहासिक अभिलेखों में मिलता है। उन्होंने कहा कि हमारी भाषा, संस्कृति, परंपरा और भौगोलिक स्थिति अन्य अनुसूचित जनजातियों के समान है। बावजूद इसके 1950 के राष्ट्रपति आदेश में हमारी जनजाति को शामिल नहीं किया गया। यह ऐतिहासिक अन्याय अब दूर किया जाना चाहिए।

ज्ञापन में केंद्र एवं राज्य सरकार से अनुरोध किया गया है कि माहरा समुदाय की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थिति का गंभीरता से अध्ययन कर अनुसूचित जनजाति में सम्मिलित करने अनुशंसा की जाए। इस अवसर पर समाज के अनेक प्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे । इस दौरान चाचरी बघेल, संजय पंत कश्यप,फूलसिंह कश्यप हकचंद बघेल, गुड्डी मंडावी, कमला दीदी, एस. एन. सिंह चौहान ,सोनसाय नाग, प्रवीण कुमार बघेल, रमेश कश्यप एवं अन्य उपस्थित रहे।

---

# हार से बौखलाए सरपंच ने सिन्हा परिवार से की मारपीट, तीन पर अपराध कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पंचायत चुनाव में पूर्व सरपंच चुनाव हार जाने से बैखला गया था। छः माह बाद मौका देखते हुए गांव के सिंहा परिवार का रास्ता रोका और उन परिवार के लोगो को पंचायत चुनाव में अपने हार का कारण बताते हुए मारपीट कर दिया।

दुर्गुकोंदल थाना में शिकायत करने पहुंचे हल्बापारा मेड़ो निवासी 36 वर्षीय घना राम सिन्हा पिता गोकुल राम सिन्हा ने पुलिस को बताया कि 4 अक्टूबर को सभी गांव वालों के साथ सराई जंगल में गांव स्तर में देवी पूजा करने के बाद सभी लोग अपने अपने घर जा रहे थे। मैं और गांव के सुनील सिन्हा, खामेश्वर सिन्हा व चाची आसोबाई सिन्हा हम सब हल्बापारा अपने अपने घर जा



रहे थे। उसी दौरान गांव के स्कूल पुल के पास पहुंचे थे कि गांव के पूर्व सरपंच अनुज खरे, ग्रामीण संजय नेताम और रमेश धनेलिया के साथ पूजा पाठ व पुरानी बातों को लेकर तीनों के द्वारा हाथ मुक्का व बांस के डंडा से मारपीट करने लगे। तुम सिन्हा लोगो के द्वारा पंचायत चुनाव में हारा हूँ, बोलते हुए गाली दिया और तुम सभी को गांव में नहीं रहने दूंगा, सभी को जान से मार डालूंगा बोलकर जमकी मारपीट किया। उपस्थित लोगों ने जैसे तैसे बीच बचाव किया। पूर्व सरपंच की इस हरकत से हम लोग दहशत में है और हमारे एवं परिवार के साथ किसी भी तरह की अनहोनी होती है, इसकी पूरी जिम्मेदारी पूर्व सरपंच एवं उनके साथियों की होगी।

ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पूर्व सरपंच अनुज खरे, संजय नेताम व रमेश धनेलिया के विरूद्ध धारा 296, 115(2) 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

---

# अपने अहम के कारण विघ्न डालने का प्रयास विफल हुआ : जयदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



दशहरा के विभिन्न परगना के मांझी, मुखिया, पुजारी, चालकी, मेम्बर, पेरमा, परगनिहा सहित दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा एवं जगदलपुर दंतेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारियों एवं समाज प्रमुखों ने दशहरा निर्विघ्न सम्पन्न होने के बाद सुकमा जमींदार परिवार के वरिष्ठ सदस्य कुमार जयदेव से भेंट कर दशहरा पर्व की समीक्षा की। अपने निवास में कुमार जयदेव ने माता दंतेश्वरी की सेवा अर्जी से जुड़े मांझी, पुजारी, चालकी, सिरहा, मुंडाबाजा, समाज प्रमुखों का सम्मान किया।

- समीक्षा में पुजारी एवं मांझियों ने पर्व में सुधार पर बल दिया
- दशहरा का वैभव विश्वस्तर पर ले जाने पर सभी की एक राय

दंतेवाड़ा के प्रधान पुजारी परमेश्वर नाथ जिया ने बताया कि प्रतिवर्ष दशहरा पर्व के विदाई के पूर्व कुमार जयदेव से भेंट करते हैं । उन्होंने वर्तमान दशहरा की व्यवस्था पर नाराजगी जताई और कहा माता की डोली को यहां सम्मान और आदर नहीं मिलता,जिसका दुख है । दंतेवाड़ा से छत्र एवं डोली बड़े सम्मान के साथ लाते है परंतु जिस प्रकार की व्यवस्था यहां होती है वह असहज है। दशहरा समिति एवं दशहरा के आयोजन में शामिल अधिकारियों को समीक्षा करने की दरकार है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर ऐसा प्रयास करना है कि देश विदेश में बस्तर दशहरा की ख्याति और बढ़े बस्तर दशहरा की गरिमा और वैभवता उसका आभामंडल पूरे विश्व में हो।

### स्वार्थ लोगो का प्रयास रहा विघ्न डालने का

दंतेश्वरी मंदिर जगदलपुर के पुजारी प्रेम कुमार पाढ़ी ने बताया कि कुछ लोगों के स्वार्थ के चलते इस वर्ष के बस्तर दशहरा में विघ्न डालने का प्रयास किया गया। परंतु माता की इच्छा के विपरित इस प्रकार के कुत्सित मानसिकता पालने वाले अपने आप विफल हो जाते हैं ।

### दशहरा में प्रशासन की बेहतर व्यवस्था

बस्तर धाकड़ क्षत्रीय राजपूत समाज के संरक्षक एवं सुकमा जमींदार कुमार जयदेव ने बस्तर दशहरा पर प्रशासन की सरहना करते हुए कहा कि प्रशासन ने बेहतर इंतजाम किए थे। कुछ स्वार्थ परक लोगों के अहम और मैं के कारण भले ही रथ परिक्रमा सहित कुछ दशहरा रस्मों में व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया गया। लेकिन प्रशासन ने बेहतर कार्य किया और सभी कार्य समय पर संपन्न हुए। उन्होंने बस्तर के मूल लोगों को अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया और कहा कि युवा महिला एवं अन्य स्थानीय समाजों को इसमें विशेष तौर पर जोड़ा जाना चाहिए। वर्तमान बस्तर दशहरा केवल बस्तर जिले तक ही सीमित नजर आ रहा है।

---

आंवरी में पं. युवराज का भागवत प्रवचन जारी

# भागवत कथा के आयोजन और श्रवण से मानव जीवन का होता है कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

आंवरी में आयोजित भव्य संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन 5 अक्टूबर को कथावाचक आचार्य पंडित रामानुज युवराज पाण्डेय के द्वारा श्रीमद भागवत कथा के महत्व को सुन्दर कथा और भजनों के माध्यम से बताया।

कथावाचक युवराज ने कहा श्रीमद भागवत कथा कराने और सुनने से मानव जीवन के सभी पाप खत्म होते हैं। भागवत कथा कोई सज्जन कराए या दुर्जन सबको बराबर फल मिलता हैं। इस कलियुग



में सबके पास सभी पुण्य तीर्थं के दर्शन करने की ताकत नहीं हैं, इसलिए भागवत कथा सुनना सभी तीर्थं से ऊपर हैं। उन्होंने मानव की साँसो पर कथा बताते हुए कहा की मानव का सबसे बड़ा साथी उसकी सांस हैं, क्योंकि जब तक शरीर में सांस हैं, तभी तक मानव जीवन में रिश्ते नाते हैं, लेकिन जिस दिन ये सांस शरीर से बाहर निकाल जाएगी, आपके सभी रिश्ते नाते खत्म हो जाएगा, इसलिए इस जीवन में मनुष्य का सच्चा साथी उसकी सांस हैं। उन्होंने 04 वेद, 18 पुराणों, अमर कथा का सुन्दर वर्णन किया, भगवान और संतो के आशीर्वाद कभी खाली नहीं जाते, इसलिए उनकी सेवा के साथ आशीर्वाद प्राप्त करें। भोजन के बारे में बताते हुए कहा की भोजन सिर्फ दो जगह ही करना चाहिए, जहाँ भोजन बनाने वाले का मन पवित्र हो और दूसरा जहाँ भोजन का स्थान निर्मल हो। हमेश सात्विक भोजन ही करना चाहिए। उन्होंने भगवान भोलेनाथ पर कथा बताते हुए कहा कि भोलेनाथ बहुत भोले हैं, जितने जल्दी वे क्रोधित होते हैं, उतने जल्दी ही वे शांत हो जाते हैं। भगवान भाव के भूखे हैं, जिनका मन पवित्र और निर्मल होता हैं। भगवान की कृपा उन पर हमेशा बानी रहती हैं, वही मधुर सुन्दर भजनो से सभी उपस्थित श्रद्धालू और श्रोतागण भक्ति में झूमने लगे।

---

# मामूली बात पर मारपीट, कई हुए घायल, दर्ज हुए काउंटर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मामूली बात को लेकर दो पक्षो में हुआ विवाद बाद में मारपीट में बदल गया। दोनो पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने का शिकायत दर्ज कराया। दोनो पक्ष की बात सुनकर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया है।

थाना दुर्गुकोंदल में शिकायत करने पहुंचे विक्रमगंज निवासी 35 वर्षीय बंशीराम दर्रो पिता स्व. दसरू राम दर्रो ने पुलिस को बताया कि 4 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे बैसू राम दर्रो पिता स्व. देवराज दर्रो के साथ ग्राम घोटिया बजनू किराना दुकान में सामान लेने गया था। दुकान के पास में मौजूद बिरेद दर्रो पिता देवलू राम दर्रो ने मुझे और बेसू राम को बोला कि तुम झोलटू लोग गांव में क्या सियानी करोगे। ऐसा बोलते हुए गाली देने लगा और हाथ मुक्का से मारपीट कर जमीन में पटक कर खींचते हुए जान से मारने की धमकी दिया। जान से मारने की धमकी देने से मुझे डर लग रहा है। मारपीट से मेरे बाए आंख, सिर व



गाल में चोंट लगने से खून निकल रहा है। बिच बचाव बैसू राम दर्रो ने किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बिरेद दर्रो के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

दूसरे पक्ष से थाना में शिकायत करने पहुंचे घोटिया निवासी 40 वर्षीय बिरेन्द्र कुमार दर्रो पिता देवलू राम दर्रो ने पुलिस को बताया कि दोपहर करीबन 2 बजे बजनू राम उईके के किराना दुकान के पास गया था, वहां पर बंशीलाल दर्रो और बैसू राम दर्रो दोनो खेमलाल उईके के घर छट्टी की बात को लेकर आपस में वाद विवाद कर रहे थे। तब मैं उनकी बातों को सुनकर बोला कि छट्टी कहां होगा, खेमलाल जानेगा, आप दोनो क्या जानोगे, आपस में दोनो विवाद कर रहे हो। ऐसा बोलने पर बंशी लाल दर्रो ने कहा कि मुझे तू कौन होता है हमे बताने वाला कहकर गाली देने लगा। हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया है। उसके बाद मैं अपने घर चला गया। इसके बाद फिर बंशी दर्रो के साथ बात करने उसके घर विक्रमगंज जाने अपने घर से निकला था। बिदे राम दर्रो के किराना दुकान से नारियल लिया। उसी समय श्यामलाल दर्रो ग्राम बिक्रमगंज, हितेश दर्रो दोनो ने एक राय होकर मुझे जान से मारने की धमकी देकर सभी ने मारपीट किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बंशीलाल दर्रो, श्यामलाल दर्रो और हितेश दर्रो के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3(5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

---

## पेज 09 के शेष...

### दो सड़क हादसों...

करते हुए विवेचना में लिया गया। दूसरी घटना आमापारा निवासी भूपेंद्र नाग ने पुलिस थाना पहुँचकर बताया कि 4 अक्टूबर की शाम करीबन सायं साढ़े 6 बजे जानकारी मिली कि मेरे चाचा का लड़का करन नाग पिता संतोष नाग निवासी आमापारा कांकेर का अन्नापूर्णापारा गंगानगर मेन रोड में लगभग साढ़े 4 बजे एक मोटर सायकल चालक ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

जिनको उपचार के लिए शासकीय अस्पताल कांकेर में भर्ती किए हैं। जानकारी मिलते ही अस्पताल आया और करन नाग से पूछताछ किया, उसने बताया कि मोटर सायकल चालक समीर रवानी अपने मोटर सायकल को तेजी एवं लापरवाही से चलाते हुए लाकर अन्नापूर्णापारा गंगानगर मेन रोड में ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे दाहिने आंख, गाल, माथा व सिर में चोट लगा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। इसी घटना में दूसरी मोटर सायकल चालक के परिजन सुरेन्द्र रवानी पिता स्व. कल्याण सिंह रवानी ने पुलिस को बताया कि 4 अक्टूबर को शाम करीबन 5 बजे जानकारी मिलीर कि मेरे लड़का समीर रवानी उम्र 19 वर्ष निवासी अन्नापूर्णापारा कांकेर का अन्नापूर्णापारा मेन रोड में लगभग साढ़े 4 बजे एक मोटर सायकल चालक ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिनको उपचार के लिए शासकीय अस्पताल कांकेर में भर्ती किए है। मैं अस्पताल पहुँचकर अपने बेटे ये समीर रवानी से पूछताछ किया।

उसने बताया कि मैं सेन चौंक तरफ से अपने घर अन्नापूर्णापारा जा रहा था और उसी समय सामने की ओर से आ रही मोटर सायकल का चालक करण नाग अपनी मोटर सायकल को तेजी एवं लापरवाही से चलाते हुये लाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे दाहिने आंख के नीचे एवं गाल में चोट लगा है। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### मरोड़ा का रपटा...

गई। स्थानीय लोग और प्रशासन की टीम ट्रक को रपटा से बाहर निकालने के प्रयास में जुट गई है। यह घटना एक बार फिर ग्रामीण मार्गो और पुल-पुलियाओं की खस्ताहालत को उजागर करती है, जो आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। गनीमत यहाँ है कि इस दुर्घटना में किसी बड़े जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने माँग किया है कि यह रपटा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है, इसे बनाने की जरूरत है, इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### बासनवाही पहाड़ को...

स्वरोजगार और रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। भारत सरकार की भारतमाला परियोजना के अंतर्गत बन रही बासनवाही सुरंग छत्तीसगढ़ की अब तक की सबसे बड़ी बुनियादी परियोजनाओं में से एक है। यह सुरंग न केवल यातायात को सुगम बनाएगी, बल्कि बस्तर अंचल के विकास को रफ्तार देगी और छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा से गहराई से जोड़ने का कार्य करेगी

### हाथकरघा के स्टॉल में लोगों की उमड़ रही भीड़


**जगदलपुर।** बस्तर दशहरा लोकोत्सव के अवसर पर चल रहे स्वदेशी मेले में जिला हाथकरघा कार्यालय का भी विभागीय प्रदर्शनी सह विक्रय का आयोजन हो रहा है। नोडल अधिकारी एवं प्रदर्शनी प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि भारी बारिश के बीच भी हमारे स्टॉल में लोगों की भीड़ उमड़ रही है और खरीदारी भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समिति के बुनकरों द्वारा हाथकरघा से निर्मित वस्त्र बेचे जा रहे है जो लोगो को बहुत आकर्षित कर रहे है। यहां राष्ट्रपति से सम्मान प्राप्त कर चुके विभिन्न जिलों से आये हुए बुनकरों द्वारा विक्रय किया जा रहा है जो हमारे लिए भी सम्मान की बात है। स्वदेशी मेले में प्रदर्शनी के लिए जिला हाथकरघा कार्यालय जगदलपुर आयोजक है एवं ग्रामउद्योग संचालनलय (हाथकरघा) प्रायोजक है। स्टाल की सतत निगरानी उपसंचालक अनिल सोम एवं निरीक्षक रोहित पतरे द्वारा की जा रही है जिससे स्टाल में आने वाले लोगो को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


प्रतिक्षा कक्ष


प्रतिक्षा कक्ष



पूजा स्थान




परामर्श कक्ष

## 15 वर्षों से आपकी सेवा में



# जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-**

*व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,*
*शादी के लिए माता-पिता को मनाना*

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**


पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567**

## खबर संक्षेप



### राशन विक्रेताओं की पदयात्रा रायपुर के लिए हुई रवाना

**चारामा।** प्रदेशभर के राशन विक्रेताओं ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानें 1 अक्टूबर से बंद रखने के बाद अब विक्रेता संघ के बैनर तले रविवार को बस्तर संभाग के राशन विक्रेता चारामा में एकत्र हुए। पूजा-अर्चना और सभा के बाद विक्रेता राजधानी रायपुर के लिए 125 किलोमीटर की पदयात्रा पर रवाना हुए। राशन विक्रेताओं ने बताया कि लंबे समय से सरकार से समस्याओं के समाधान और कमीशन वृद्धि की मांग की जा रही है, लेकिन पहल नहीं होने पर यह कदम उठाना पड़ा है।

### शरद पूर्णिमा में आज गरबा नृत्य



**चारामा।** जय अम्बे माँ गरबा समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी 06 अक्टूबर सोमवार को शरद पूर्णिमा का पर्व गरबा नृत्य और खीर वितरण के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर रात्रि साढ़े 6 बजे माता की आरती के साथ गरबा नृत्य का शुभारम्भ होगा, जो की रात्रि 12 बजे तक होगा। रात्रि 12 बजे बाद अमृत वर्षा के बाद खीर प्रसादी का भोग माँ को अर्पण करने के बाद खीर प्रसादी का वितरण किया जाएगा। समिति के द्वारा आयोजन को लेकर शनिवार को बैठक आयोजित की गई। शरद पूर्णिमा पर प्रतिवर्ष बढ़ती भीड़ के चलते इस वर्ष 150 लीटर दूध का खीर प्रसाद बनाया जाएगा।

### गढ़िया के पंचायत भवन में मनाई गई गांधी जयंती

**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत गढ़िया के पंचायत भवन में गांधी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पुष्पांजलि के साथ महात्मा गांधी की तस्वीर के सामने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस दौरान ग्रामीण उपस्थित थे। सरपंच भरत कश्यप ने कहा कि बापू का व्यक्तित्व कृतित्व अनुकरणीय है। इस दौरान उपसरपंच संतू कश्यप,पंच निरंजन बघेल, रोजगार सहायक तनूराम, चेतन ग्वाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### जनपद सदस्य एवं युवाओं ने किया श्रमदान

**बस्तर।** जनपद पंचायत बस्तर के जनपद सदस्य गजेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कुदालगांव के आश्रित ग्राम गुच्छागुड़ा में स्वच्छता एवं सड़क मरम्मत अभियान चलाया गया।
ग्राम के युवाओं ने स्वयं की इच्छा से गांव की गलियों और मुख्य मार्ग की साफ-सफाई एवं सड़क के गड्ढों की मरम्मत कर लेवलिंग कार्य किया। यह श्रमदान अभियान गुच्छागुड़ा चौक से एकतागुड़ा तक संचालित हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### महाविद्यालय में मनी गांधी एवं शास्त्री जयंती

**कोंटा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोह का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उनके विचारों एवं आदर्शों को श्रद्धा के साथ स्मरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सत्य, अहिंसा, सादगी और सेवा की भावना ही राष्ट्रनिर्माण का आधार है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, फेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# शरद पूर्णिमा में होगी अमृत वर्षा व धरती पर कृष्ण की रासलीला और खीर बनेगी औषधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कार्तिक माह की पूर्णिमा तिथि से पहले आने वाली शरद पूर्णिमा को इस बार भक्त विशेष उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाने की तैयारी कर रहे हैं। यह पर्व इस वर्ष 6 अक्टूबर की रात से आरंभ होकर 7 अक्टूबर की भोर तक चलेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस बार की शरद पूर्णिमा पर त्रिपुष्कर, सिद्धि, सर्वार्थसिद्धि और रवि योग का शुभ संयोग बन रहा है, जो इसे और भी अधिक महत्वपूर्ण बना देता है। इस विशेष तिथि पर चंद्रमा सोलह कलाओं से पूर्ण रहेगा और उसकी किरणों से अमृत बरसने का विधान है। पौराणिक मान्यता के अनुसार शरद पूर्णिमा की रात भगवान श्रीकृष्ण ने वृंदावन में गोपियों के साथ रास रचाया था। इसीलिए इसे कोजागरी पूर्णिमा या रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। 'कोजागरी' का अर्थ है कौन जाग रहा है। कथा के अनुसार, इस रात मां लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और जो भक्त जागरण करते हुए उनकी आराधना करता है, उसे धन, समृद्धि और सौभाग्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है। दूसरी मान्यता के अनुसार, चंद्रमा इस रात अमृत वर्षा करता है। वैज्ञानिक दृष्टि से भी इस दिन चंद्रमा की किरणों में औषधीय गुण सबसे अधिक होते हैं, जो मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माने जाते हैं। कांकेर, नरहरपुर, चारामा, अंतागढ़, दुर्गूकोंदल, भानुप्रतापपुर और पखांजुर में माता लक्ष्मी की आराधना और चंद्रमा के पूजन की तैयारियां जोरों पर रही।

## शरद पूर्णिमा में सर्वार्थ सिद्धि एवं रवि योग निरोगी काया का वरदान

### दूध की मांग बढ़ी

बाजारों में पूजा सामग्री, दूध, खीर बनाने के सामान और चांदी की थालियों की खरीदारी में रौनक देखने को मिली। मंदिरों में फूलमालाओं से सजावट भी की गई। रात में चंद्रमा की अमृतमयी किरणों का सेवन करने के लिए लोग अपने घरों की छतों, आंगनों और मंदिरों में खीर बनाकर खुले आकाश के नीचे रखने की तैयारी भी किए है। परंपरा के अनुसार, इस खीर को अमृतमयी चंद्रकिरणों से स्पर्श कराकर प्रसाद के रूप में परिवार और श्रद्धालु ग्रहण करते हैं।



### बन रहा है शुभ संयोग

इस सालसर्वार्थसिद्धि योग रात 9 बजकर 16 मिनट से आरंभ होकर पूरी रात तक रहेगा, जिससे हर कार्य में सफलता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। रवि योग संपूर्ण दिन रहेगा, जो आरोग्य और समृद्धि प्रदान करने वाला योग है। त्रिपुष्कर योग जो व्यक्ति इस दिन दान, पूजन या नया कार्य आरंभ करते हैं, उनके लिए तीन गुना फलदायक होता है। चंद्रमा का वृषभ राशि में गोचर, यह स्थिति मन, बुद्धि और धन के लिए शुभ फलदायी मानी जाती है।

## सर्व समाज का संकल्प : संस्कृति, परंपरा और आस्था की रक्षा के लिए एकजुट रहेंगे ग्रामीण

# धर्मांतरण के विरोध में 35 गांवों की सर्व समाज की बैठक में अनेक कड़े निर्णयों पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना



धर्मांतरण की बढ़ती घटनाओं के विरोध में सरोना तहसील अंतर्गत 35 गांवों के सर्व समाज की एक बड़ी बैठक रविवार को ग्राम सरोना के मंडी परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम समिति अध्यक्ष अजय हिरवानी ने किया जबकि कार्यक्रम में सर्व समाज अध्यक्ष कमल किशोर कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

आयोजित बैठक में सर्व समाज के प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने एकमत से यह निर्णय लिया कि क्षेत्र में धर्मांतरण जैसी गतिविधियों को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे और गांव-गांव में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। बैठक में उपस्थित सर्व समाज के लोगों ने धर्मांतरण के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाई और स्पष्ट कहा कि अपनी संस्कृति, परंपरा और देवी-देवताओं की रक्षा के लिए वे हर संभव कदम उठाएंगे। ग्रामीणों ने इस बात पर सहमति जताई कि अब समय आ गया है जब समाज को जागरूक होकर अपने मूल धर्म और परंपराओं की रक्षा करनी चाहिए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि गांवों में बाहरी पादरी और पास्टर के प्रवेश पर रोक लगाई जाएगी, ताकि धर्मांतरण की कोशिशों पर नियंत्रण पाया जा सके। ग्राम समिति अध्यक्ष अजय हिरवानी ने कहा कि धर्मांतरण आज समाज के सामने एक बड़ी चुनौती के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर इस चुनौती का सामना करना होगा। यह सिर्फ धर्म का नहीं, बल्कि हमारी पहचान, हमारी संस्कृति और परंपराओं की रक्षा का सवाल है। हम अपने देवी-देवताओं, अपने त्योहारों और अपनी परंपराओं को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। कार्यक्रम के अंत में सर्व समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि यह आंदोलन किसी एक धर्म या वर्ग के खिलाफ नहीं, बल्कि अपनी मूल संस्कृति और सामाजिक एकता की रक्षा का प्रयास है। सर्व समाज ने निर्णय लिया कि आगे भी इस तरह की बैठकों का आयोजन कर गांव-गांव में जागरूकता फैलाई जाएगी और समाज को धर्मांतरण के खतरे से बचाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे।

### सामूहिक एकता का संदेश

आयोजित बैठक में यह भी तय किया गया कि गांव-गांव जाकर लोगों को धर्मांतरण के नुकसान और अपनी संस्कृति के संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस उद्देश्य से आने वाले दिनों में सर्व समाज की ओर से जागरूकता अभियान और ग्रामस्तरीय सभाओं का आयोजन किया जाएगा।

### बैठक में यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर उपस्थित सर्व समाज के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे अपने गांवों में धर्मांतरण की किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेंगे और इसके खिलाफ एकजुट होकर कार्य करेंगे। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, ग्राम पंचायत सरोना सरपंच दीपिका वट्टी, उपसरपंच दिनेश सहारे, पूर्व उपसरपंच यशवंत सुरोजिया, जीवन नेताम, किशोर भास्कर, सुदामा यादव, अनिल गजपाल, पूर्व सरपंच सूरज कोराम, निलेश गोलछा, बेराग शोरी सहित विभिन्न गांवों के जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# युकां ने पंडरीपानी बाजार से बिजली चोर, गद्दी छोड़ अभियान चलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा

बढ़ती बिजली दरों और जनता पर पड़ रहे आर्थिक बोझ के खिलाफ युवा कांग्रेस ने बिजली चोर गद्दी छोड़ अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत किया। यह कार्यक्रम जिले के चारामा ब्लॉक के ग्राम पंडरीपानी बाजार में आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता शामिल हुए। आयोजित कार्यक्रम में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार की नीतियों के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया और आम जनता से समर्थन की अपील की। एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव महेंद्र नायक ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा सरकार बनी है, तब से गरीबों पर लगातार आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि साय सरकार हर बार नए तरीके से जनता को लूटने का काम कर रही है कभी महंगी बिजली के जरिए, तो कभी महंगे पेट्रोल-डीजल और खाद्य पदार्थों के माध्यम से। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार गरीब विरोधी नीतियां अपना रही है। बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी से आम जनता परेशान है। गरीब किसान और मजदूर बिजली बिल भरने में असमर्थ हैं, लेकिन सरकार उनकी आवाज नहीं सुन रही। कार्यक्रम में मौजूद युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए सरकार से बिजली दरें घटाने और गरीबों को राहत देने की मांग किया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने जनता की तकलीफों पर ध्यान नहीं दिया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

कार्यक्रम में चमन साहू, वाशु चंद्रवंशी, तारस सिन्हा,सुधांशु पांडे, अर्जुन देवांगन, लिकेश घिरतलहरे, कैलाश कठोलिया, रवि मांगतानी, सुरेन्द्र साधवानी, समीर बंछोर, डिकेस, संजय नागराज, खिलमेश नायक, राहुल निषाद, टोमु मेरिया, रोहित कुंजाम एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रामलीला में ग्राम चिहारीपारा बच्चों ने शानदार अभियन करके वाहवाही लूटी

**सरोना।** तहसील सरोना अंतर्गत ग्राम चिहारीपारा में इस वर्ष दशहरा पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। गांव के युवाओं और बच्चों ने मिलकर भव्य रामलीला का मंचन किया, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर गांव के छोटे-छोटे कलाकारों ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान और रावण के पात्रों को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान जैसे ही प्रभु श्रीराम ने रावण का वध किया, पूरे परिसर में जय श्रीराम के जयघोष गूंज उठे। रावण का विशालकाय पुतला जलते ही दर्शकों ने उत्साहपूर्वक ताली बजाकर बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव मनाया। रामलीला में बच्चों ने अपने अभिनय और संवाद अदायगी से सभी का दिल जीत लिया। नन्हे कलाकारों की मेहनत और समर्पण देखकर ग्रामीणों ने उन्हें जमकर सराहा। गांव के वरिष्ठजन और आयोजक मंडली ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को रामायण की शिक्षाओं और भारतीय संस्कृति से जोड़ना है, ताकि बच्चे मर्यादा, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलना सीखें। दशहरा पर्व के अवसर पर गांव के लोग पारंपरिक परिधानों में पहुंचे और पूरे आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मंच और पंडाल को आकर्षक रूप से सजाया गया था। शाम होते ही ढोल-नगाड़ों की गूंज और दीपों की रोशनी से पूरा गांव आलोकित हो उठा।



- नन्हे कलाकारों ने जीवंत किया रामायण की गाथा, रावण दहन के साथ गूंजे जय श्रीराम के नारे

इस अवसर पर गांव के प्रमुख नागरिकों में फुलचंद कुंजाम, विष्णु शोरी, राजाराम नेताम,शिवलाल नेताम, दीपिक मंडावी, सेवक नेताम,श्यामसिंह निषाद, बुधराम नेताम, देवचंद्र नेताम, भावसिंह मंडावी,मनराखन यादव, संतोष यादव,रामसिंह निषाद, सितखराम नेताम, संजु टेकाम, अजय टेकाम, दीपेश शोरी, गैस शोरी, ऋषभ कुंजाम, योगेश कुंजाम, शैलेश नेताम, कैलाश नेताम, देवकरण मरकाम, पिले सिंह टेकाम, शिवम मंडावी, सौरभ शोरी, भरत नेताम, दानु शोरी, लोशन कुंजाम, शुभम शोरी, पोखन विश्वकर्मा, परमेश शोरी, वैभव नेताम, ऋतु नेताम, करन शोरी, देवेश मरकाम, सुरज मंडावी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# क्रिकेट के समापन में विधायक ने टिन शेड के लिए की पांच लाख की घोषणा



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम भूरसा तरहुल में क्षेत्र की विधायक पहुंची। भूरसा तरहुल में क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह का आयोजन किया गया था। समारोह में उपस्थित ग्रामीणों और खिलाड़ियों से विधायक सावित्रि मंडावी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि अनुशासन, एकजुटता और टीम भावना जैसी गुणों का विकास भी करते हैं। युवा पीढ़ी को खेलकूद के साथ-साथ शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी अपनानी चाहिए। विधाक ने ग्राम के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए रंगमंच के सामने टीना शेड निर्माण के लिए 5 लाख रुपएं की स्वीकृति दी। उनकी इस घोषणा से ग्रामवासियों में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह शेड भविष्य में सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों के आयोजन में सहायक सिद्ध होगा। समारोह के अंत में विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किया गया। विधायक ने खिलाड़ियों से खेल भावना को सदैव बनाए रखने और नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का अव्हान किया। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए निरंतर प्रयासरत है और भविष्य में भी खेल मैदान एवं सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से फूलमात, शोपसिंग आंचला, गोपीचंद बढ़ाई, सुनील बबला पाढ़ी, आनंद तेता, सुलोचना कोरेटी, राजू सिंघोड़यि, नीरू कोरेटी, रजनम कोवाची, हीरालाल कोमरे, बाबूलाल कोला, सियाराम दर्रो, सुनीता कोरेटी, दीनदयाल पटेल, राहुल यादव, रैन सिंह कोठारी, रामलाल कोरेटी गायता, चंदन सिंह कोरेटी, रजमन पुरामे, देवप्रसाद प्रीत सिवनी, टिकेश्वरी किरसान, सरिता सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बिरनपुर मामले में भाजपा ने सांप्रदायिक व जाति कार्ड खेला था : विधायक ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- सीबीआई की चार्जशीट से साफ



बिरनपुर मामले में सीबीआई की चार्जशीट से साफ हो गया है कि उस समय भाजपा ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार और कांग्रेस पार्टी पर जो आरोप लगाया था वह झूठा था। यह भाजपा की चुनावी लाभ लेने के उद्देश्य से की गई राजनीतिक साजिश थी। सीबीआई की चार्ज शीट ने भाजपा का काला चेहरा सामने रख दिया। उक्त बातें राजीव भवन में मीडिया से रूबरू होते हुए धमतरी विधायक ओंकार साहू ने कही। मीडिया से रूबरू होते हुए धमतरी विधायक ने कहा कि भाजपा ने उस समय घटना को सांप्रदायिक और जाति रंग देकर राजनीतिक लाभ लेने का षड्यंत्र रचा था। तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अरुण साव घटना के बाद वहां जाकर पूरे घटनाक्रम को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया और वह उसमें सफल भी रहे। अरुण साव जब घटना स्थल गए थे, तब उनके सामने आगजनी की गई थी, वहां पर भड़काऊ भाषण दिए थे। इस मामले को लेकर भाजपा ने एक समाज को कांग्रेस के खिलाफ भड़काने का प्रयास किया। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में भी पूरे प्रदेश में इस झगड़े को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह सभी ने अपनी चुनावी सभा में दुर्भाग्य जनक घटना को धार्मिक और जाति झगड़े से जोड़कर प्रस्तुत किया। भाजपा ने मृतक भुवनेश्वर के पिता ईश्वर साहू को टिकट देकर सहानुभूति बटोरने की साजिश किया। सीबीआई की जांच से यहां भी साफ हो गया कि उस समय कांग्रेस की सरकार में जो कार्रवाई की घटना के लिए जिम्मेदार मानकर जिन लोगों की गिरफ्तारियां किया था, वह सही थी। ईश्वर साहू भी अपने बयानों में जिस व्यक्ति अंजोर यदु पर आरोप लगाते थे, उसे भी सीबीआई ने दोषी नहीं माना है। सीबीआई की चार्ज शीट में उसका कोई उल्लेख नहीं है, इससे साफ है कि बिरनपुर मामला भाजपा की सोची समझी साजिश थी। धमतरी विधायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी यह मांग करती है कि सीबीआई की चार्जशीट के बाद तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान उपमुख्यमंत्री अरुण साव में जरा भी नैतिकता हो तो अपने पद से त्यागपत्र देकर छत्तीसगढ़ की जनता से माफी मांगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह अपने गैर जिम्मेदाराना भाषण के लिए छत्तीसगढ़ की जनता से माफी मांगे। पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, प्रदेश उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर, प्रदेश सचिव जितेन्द्र सिंह ठाकुर, नरेन्द्र यादव, हेमंत ध्रुव, सुनील गोस्वामी, यासीन कराणी, पुरुषोत्तम पाटिल,गफ्फार मेमन, लोमेन्द्र यादव, अजय सिंह रेणु, दीपक शोरी, ओमप्रकाश देवांगन, गोमती सलाम, कमलेश कोमरा, इसहाक अहमद, चमन साहू, किसन साहू, गणेश सोनी, कमल ध्रुवा, अमित साहू, कार्तिक जैन, निरंजन भास्कर आदि उपस्थित रहे।

## सड़कों पर पानी डालने और मरम्मत करने के दिए निर्देश

# सड़कों की दुर्दशा पर विधायक बिफरीं काफिला रोका व ठेकेदार को फटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल



क्षेत्र के विकास कार्यों का जायजा लेने निकली भानुप्रतापपुर विधानसभा की विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने दुर्गुकोंदल ब्लॉक के दौरे के दौरान खराब सड़कों की स्थिति देखकर नाराजगी जताई। विधायक ने अपने काफिले को मौके पर ही रुकवाकर संबंधित ठेकेदार को तत्काल कार्य सुधारने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार दुर्गुकोंदल क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं, जिससे राहगीरों को धूल-धक्कड़ और गड्ढो की वजह से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर भारी वाहनों के गुजरने से चारों ओर धूल उड़ रही है, जिससे आसपास के लोगों को श्वसन संबंधी दिक्कतें भी हो रही हैं। ऐसी स्थिति को देखते हुए विधायक सावित्री मंडावी ने ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने यह भी कहा कि सड़क पर नियमित रूप से पानी छिड़काव कराया जाए, ताकि लोगों को असुविधा न हो और कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। विधायक ने मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से क्षेत्र के अन्य अधूरे विकास कार्यों की जानकारी भी ली और कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि यदि कार्यों में कोई अनियमितता दिखे तो प्रशासन को तत्काल सूचित करें। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक के इस तत्परता भरे कदम की ग्रामीणों ने सराहना की और उम्मीद जताई कि जल्द ही सड़क की स्थिति में सुधार होगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411